# समाचार

## स्वच्छता पखवाड़ा

## छठवें दिन आज बांकी मुख्य मार्केट में चला स्वच्छता अभियान

## (जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमनागरिकों ने स्वच्छता कार्य में निभाई सहभागिता)

कोरबा 21 नवम्बर 2015 –स्वच्छता पखवाड़े के छठवें दिन आज नगर पालिक निगम कोरबा के बांकीमोंगरा जोनांतर्गत स्थित बांकी मुख्य मार्केट में विशेष साफ–सफाई कार्यो का संपादन एक अभियान के रूप में किया गया। इस मौके पर सफाई कर्मियों के साथ–साथ निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों एवं उक्त क्षेत्र के नागरिकों ने भी सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता निभाई।

यहां उल्लेखनीय है कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2015 तक सम्पूर्ण प्रदेश के नगरीय निकायों के साथ–साथ जिला कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले के अन्य नगरीय निकायों के साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं निगम कमिश्नर श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश में निगम क्षेत्र में स्थित साप्ताहिक व दैनिक आम बाजारों, मुख्य बाजारों में क्रमशः विशेष सफाई अभियान चलाकर पूर्ण स्वच्छता का कार्य संपादित कराया जा रहा है। पखवाड़े के छठवें दिन आज बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत आने वाले बांकी मुख्य मार्केट में विशेष साफ–सफाई कार्य किया गया। इस अवसर पर निगम के पार्षद सुधारसाय चौहान, प्रसन्ना कुमार महंत, पार्षद प्रतिनिधि टीकाराम मनहर, फिरनलाल देवांगन, निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, सहायक अभियंता एन.के. नाथ, राजस्व अधिकारी राजेन्द्र बहादुर सिंह, उप अभियंता विजय बधावन, स्वच्छता निरीक्षक बालचन्द्र भारद्वाज, सहायक राजस्व निरीक्षक वकील अहमद खान, रसीद खान, उमेश कुमार आदि ने भी निगम के स्वच्छता कामगारों के साथ मिलकर साफ–सफाई कार्यो में हिस्सा लिया।

**23 नवम्बर को कोरबा शहर थोक मार्केट आदि में चलेगा अभियान**–16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक आयोजित किये जाने वाले प्रथम चरण के इस स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत 23 नवम्बर को कोरबा शहर थोक मार्केट इतवारी रोड, दर्री रोड बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी, सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों एवं आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता प्रदान करें। इसी प्रकार 24 नवम्बर को इंदिरा व्यवसायिक परिसर टी.पी. नगर, 26 नवम्बर को निहारिका मुख्य बाजार एवं थोक सब्जी मण्डी, 27 नवम्बर को बालको सिविक सेंटर एवं सेक्टर–5 मार्केट, 28 नवम्बर को एन.टी.पी.सी. साप्ताहिक बाजार एवं 30 नवम्बर को भैरोताल एवं बांकीमोंगरा बाजार में स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यो का संपादन कराया जाएगा।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)